शिक्षा मंत्रालय ने खेलना और अन्वेषण विकसित किया है। शुरुआती शिक्षा प्रोग्राम गाइड आपके बच्चे को बालवाड़ी की उम्र में सीखने की मदद करते हैं। बच्चों की मदद करने वाले सैंटर और घर, बालवाड़ी से पहले वाले कार्यक्रम और बालवाड़ी को बच्चों की शिक्षा के लिए यह गाइड प्रयोग करने के लिए उत्साहित करता है।

# खेल के माध्यम से सीखना

- शिक्षा मंत्रालया शुरुआती शिक्षा कार्यक्रम गाइड खेल के माध्यम से सीखने पर केंदरित है। खोज बताती है कि बच्चे खेल द्वारा सभी से अच्छा सीखते हैं और यह खेल बच्चों को वह हुनर सीखने में मदद करती है। जो उन को स्कूल में अच्छा प्रदयर्न करने में उपयोगी है: रिश्ते बनाना और दूसरों को समझना। खेल द्वारा आपका बच्चा सीखता है।
- दोस्ती बढ़ाना
- किसी स्ंदेश या विचार को सुनना और समझना।
- विचारों और भावनाओं का संचार करना।
- अलग–अलग स्थितियों में अच्छे ढंग से व्यवहार करना।
- किसी गतिविधि पर ध्यान केन्द्रित करना और बनाये रखना।
- साक्षरता, विज्ञान औरगणित का आनंद लेना।

- इकट्ठे और अकेले खेलने से बच्चे कई सामाजिक, जज़्बाती, शारीरिक और बौधिक हुनर सीखते हैं। खेल बच्चों को स्मूह में सही अभ्यास सीखने और अभ्यास करने की अनुमति देता है और यह बच्चों को दिखावा करने, तर्क करने और समस्या का हल करने में शामिल करता है।

## आप अपने बच्चे के सीखने के कार्यक्रम में क्या देखेंगे

- दिलचस्प खेल सामग्री जैसे कि रेत, पानी, डिब्बे, पाइन कोन और पत्ते, जिसमें आपके बच्चे की सारी इंद्रियां शामिल हैं ' देखना, छूना, चखना, सूंघना और सुनना।
- आपका बच्चा खुशी और सुरक्षा के साथ खेलन दिखावा करना और पता लगाना इन क्रियाओं द्वारा सीखेगा–
- कपड़े पहनना।
- किताबें पढ़ना
- कुदरत के साथ समय बिताना
- कील गाढ़ना
- कलाकारी करना
- बोलना
- आपका बच्चा रचनात्मक और कई बार तस्वीर बनाते हुए, खोददे हुए, चढ़ते यमस और इमारत बनाते हुए गंदा भी होगा।

आपके बच्चे को अकेले खेलने और विचारों को जानने का मौका मिलेगा। जो कि वह कुछ और बच्चों के साथ यां किसी स्मूह के साथ मिल कर भी कर सकता है।

## बच्चों की दिलचस्पी बढ़ाना

- जब बच्चे कुछ ऐसा ढूँढते हैं जिस में उन को दिलचस्पी हो तो वह जल्दी सीखते हैं और सीखी हुई चीज़ को याद रखते हैं।
- अपनी खुद की खेल का चुनाव करके बच्चों को सीखने का हुनर भी विक्सित होता है जैसे कि फैसले करना, समस्या हल करना और दूसरों के साथ बातचीत करना। बच्चों के सवाल और उत्सुक्ता का निर्माण करके अध्यापक भाषा विकास और अधिक गहरी सोच को प्रोतसाहित करते हैं।
- जब भी बच्चे किसी विषय के बारे में उत्साहित होते हैं, वह केंद्रित हो सकते हैं और साक्षरता विज्ञान और गणित के मुख्य विचारों को सीखने के लिए तैयार हो जाते हैं।

## आप अपने बच्चे के सिखलाई कार्यक्रम में क्या देखेंगे?

- बच्चे अपनी खेल साम्रगी और खेल साथियों का चुनाव करते हुए।

बच्चों के हितों के लिए सीखने की योजनाएं बनाते हुए अध्यापक।

**उदाहरण के लिए–** अपने दोस्तों के घर के बारे में उत्सुक्ता के कारण फोटोग्राफी और कलाकारी परियोजना हो सकता है।

खेल को बढ़ावा देने के लिए अध्यापक बच्चों के छोटे स्मूह से बात करते हुए।

**उदाहरण के लिए–** अध्यापक क्षेत्र के घर के दरवाज़े पर दस्तक देता है और पूछता है, अगर वह रात का खाना खाने के लिए आ सकती है?

अध्यापक बच्चों के स्वालों` उत्तर देते हैं और उनकी नए विचार समझने में मदद करते हैं।

**उदाहरण के लिए–** खोज करना कि गाड़ियां सीधे रास्ते पर तेज़ी से क्यों चलती हैं।

अध्यापक बच्चों का सिखाते हुए कि कैसे सामग्री और उपकरण को सुरक्षित तरीके से प्रयोग करना है।

## बच्चों की सिखलाई दिखाना

- परिवार और अध्यापक नई शिक्षा के लिए अधिक प्रभावी ढंग से योजना बना सकते हैं अगर वह देख और समझ सके कि बच्चा पहले से क्या जानता है। कुछ रास्ते जिन से कि परिवार और अध्यापक जान सकते हैं कि बच्चा पहले से क्या जानता है। निम्नलिखित है:
- ध्यान से बच्चें की चित्रकारी, कलाकारी और निर्माण देखना, बच्चों को सुनना कि वह अपने विचार प्रगट करने के लिए क्या कहते हैं, देखना कि बच्चे कैसे खेलते हैं और किस चीज़ से खेलते हैं।
- देखना कि बच्चे दूसरों से कैसे खेलते हैं।

## आप अपने बच्चे के सिखलाई कार्यक्रम में क्या देखेंगे?

- तस्वीरों का पर्दशन और बच्चों के सीखने के तजरबे का लिखत वर्णन।
- बच्चों के रचनात्मक काम जैसे कि कलाकारी, चित्रकारी, मिट्टी की रचनायें या फिर ऐसी कलाकारी की जगह ढांचों का प्रर्दशन।
- बच्चे और बालग एक दूसरे से सीखने के बारे में बात करते हुए।
- ध्यान से बच्चों का काम दिखाना बच्चों को सोचने में मदद करता है कि उन्होंने क्या सीखा है वह समझते हैं कि उनके काम और विचारों की कदर हो रही है।

# आप घर में क्या कर सकते हैं?

- आप अपने बच्चे के पसंदीदा खेल साथी बन सकते हैं।

  बच्चे के साथ खेलकर काल्पनीय और दिखावा करने वाले खेल को प्रोत्साहित करें: आप कचरे वाली गाड़ी का ड्राईवर बन सकते हैं या बिमार कुत्ते के डाक्टर बन सकते हैं, बिमार बच्चे के डाक्टर या माता–पिता बन सकते हैं।

- आप बच्चे को खेल का निर्देशन करने दें आप उनके विचार सुनो और पालन करो। भाषा विकास को प्रोत्साहित करने के लिए जो आपका बच्चा कहता है उसको दोहरायें और शिक्षा को बढ़ाने के लिए नए विचार और नए शब्द जोड़ें। ऐसे स्वाल पूछें जिसमें आपके बच्चे को बताना पड़े कि 'क्यों' और 'कैसे'।

- एक पटाखे के डिब्बे में दरवाजे काटें और यह छोटे प्लास्टिक के जानवरों के लिए कोठा बन सकता है। जिनसे कि आपका बच्चा खेलता है। यही डिब्बा बच्चे की छोटी कारों के लिए गैराज भी बन सकता है। आपके बच्चे को और विचार भी आ सकते हैं।

- ऐसे खेलिए जिससे बच्चे को गिनती करने के मौके प्रदार हों (गायों के गिनती, कोरों की गिनती जो डिब्बे में आ सके) या रंगों के नाम बताना (भूरा घर पहला आएगा, सिर्फ लाल गाड़ी गैराज में खड़ सकती है।

## अपने बच्चे को दिखाएं कि उसका काम जरुरी है।

- दिवार पर खास जगह बनाएं या फिर फरिज के दरवाजे पर जहां कि आप अपने बच्चे की असली चित्रकारियां कलाकारियां और अन्य काम लगा सकें।

अपने बच्चे के साथ उसके काम के बारे में बात करें। उससे बात करें कि उसकी चित्रकारी क्या दिखाती हैं और यह कैसे बनाई गई हैं। आप ऐसे बात कर सकते हैं जैसे मैंने देखा कि आप ने बहुत सारी नीली धारियां बनाई हैं, मुझे इनके बारे में बताओ।